**भारतीय स्टेट बैंक**
**केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई**
फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; E-mail: crpd@sbi.co.in

# दो वर्षीय पोस्ट डॉक्टोरल रिसर्च फेलोशिप

**विज्ञापन संख्या: CRPD/ PDRF/ 2020-21/24**

- **आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण: 18.9.2020 से 08.10.2020**
- **ऑनलाइन आवेदन की कागजी (हार्ड) कॉपी के संलग्नकों के साथ भारतीय स्टेट बैंक, सीआरपीडी, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई पर प्राप्त होने की अंतिम तिथि: 15.10.2020**

भारतीय स्टेट बैंक दो वर्षीय पोस्ट–डॉक्टोरल रिसर्च फैलोशिप के लिए भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है ।
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें ।

1. पंजीकरण की प्रकिया तभी पूरी होगी जब बैंक में ऑनलाइन तरीके से शुल्क का भुगतान अंतिम तिथि को या उससे पहले कर दिया गया हो ।
2. अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले, वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को उक्त पद के लिए दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं ।
3. **अभ्यर्थियों से अपेक्षा है कि वे अपेक्षित सभी कागजात अपलोड करें (आयु, शैक्षिक योग्यता, अनुभव आदि)। ऐसा नहीं करने पर उन्हें योग्य अभ्यर्थियों की सूची में शामिल करने/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने हेतु उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा ।**
4. अभ्यर्थियों की शॉर्टलिस्टिंग और उनका साक्षात्कार उनके कागजातों के सत्यापन के बिना अनंतिम होगा । साक्षात्कार के समय (यदि बुलाया जाता है तो) अभ्यर्थी द्वारा अपलोड किए गए सभी विवरणों/कागजातों का उनकी मूल प्रतियों से सत्यापन करवाए जाने पर ही उनकी अभ्यर्थिता मान्य होगी ।
5. यदि अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है और वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है (आयु, शैक्षिक योग्यता और अनुभव आदि) तो उसे न तो साक्षात्कार में उपस्थित होने दिया जाएगा और न ही वह यात्रा व्ययों की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होगा/होगी ।
6. **अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती हैं कि वे बैंक की वेबसाइट https://bank.sbi/careers या https://www.sbi.co.in/careers को नियमित रूप से विवरणों और नई जानकारी हेतु देखें (इसमें छांट कर बुलाए जानेवाले/चयनित अभ्यर्थियों की सूची शामिल है)। आवश्यक होने पर कॉल लेटर/सूचना मात्र ई–मेल द्वारा भेजी जाएगी (कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगी)।**
7. सभी संशोधन/शुद्धि पत्र (यदि कोई) बैंक की उपर्युक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किये जायेंगे ।
8. यदि एक से अधिक अभ्यर्थियों को समान अंक प्राप्त होते हैं जो कि फाइनल मेरिट लिस्ट में कट ऑफ अंक हैं (कट ऑफ प्वाइन्ट पर समान अंक), तो ऐसे अभ्यर्थियों को मेरिट में उनकी आयु के अवरोही क्रम में रखा जाएगा ।
9. अभ्यर्थियों को योग्य पाए जाने पर पोस्ट – डॉक्टोरल रिसर्च फैलोशिप प्रदान की जाएगी तथा इसे रोजगार नहीं माना जाएगा ।
10. अगर चयन के समय फैलो किसी अन्य संगठन से किसी अन्य फैलोशिप/प्रोजेक्ट पर विचार कर रहा हो, तो उसे उस अवॉर्ड को छोड़ना होगा ।

**क. पद/आयु/अनुबंध अवधि/चयन प्रक्रिया का विवरण:**

| कुल पद | | | | | | | आयु 31/07/2020 (वर्ष में) | अनुबंध अवधि | चयन प्रक्रिया* |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामान्य | अ.पि.व. | अ.जा. | अ.ज.जा. | ईडब्ल्यूएस | कुल | पीडब्ल्यूडी | अधिकतम | | |
| 05 | - | - | - | - | 05 | - | 40 | 2 वर्ष<br>संतोषजनक कार्य निष्पादन के अधीन<br>नवीकरण: नहीं | शॉर्टलिस्टिंग व प्रेजेन्टेशन के साथ साक्षात्कार । |

* प्राप्त आवेदनों की संख्या के आधार पर बैंक के पास चयन प्रक्रिया को संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित है ।

संक्षिप्तियां: **सामान्य** – सामान्य; **अ.पि.व.** – अन्य पिछड़ा वर्ग; **अ.जा.** – अनुसूचित जाति, **अ.ज.जा.** – अनुसूचित जनजाति; **ईडब्ल्यूएस:** आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, **पीडब्ल्यूडी:** दिव्यांग

**ख. शैक्षणिक योग्यता/अनुभव का विवरण:**

| शैक्षणिक योग्यता (31.07.2020 के अनुसार) | शैक्षणिक योग्यता पश्चात अनुभव (31.07.2020 के अनुसार) | परिचालन का संभावित स्थान |
|---|---|---|
| • बैंकिंग/फ़ायनांस/आईटी/बीएफएसआई सेक्टर से संबंधित इकोनॉमिक्स में पीएच.डी<br>• **अन्य योग्यता (प्राधिमानत):**<br>जिन आवेदकों ने अग्रणी, अत्यंत प्रभावी 'ए' श्रेणी के जर्नल्स में पेपर्स/लेखों के प्रकाशन में उत्कृष्ट प्रोफेशनल योगदान (केवल प्रथम या द्वितीय लेखक के रूप में) दिया हो, उन्हें पहली प्राथमिकता दी जाएगी ।<br>• **विशिष्ट कौशल:**<br>आवेदक का सतत उत्तम अकादमिक रिकॉर्ड रहा हो तथा उसने शोध कौशल प्रदर्शित किया हो । | प्रीमियर संस्थान/विश्वविद्यालय (जैसे कि आईआईएम, आईआईटी, आईएसबी, एक्सएलआरआई या समतुल्य) में योग्यता पश्चात शिक्षण/शोध कार्य या कंसल्टेन्सी का कम से कम 3 वर्षों का अनुभव । | स्टेट बैंक, इंस्टिट्यूट ऑफ लीडरशिप, कोलकाता |

**नोट:**

i. ऊपर उल्लिखित आरक्षित रिक्त–पदों सहित रिक्त–पदों की संख्या अनंतिम है और यह बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार बदल सकती है ।
ii. बैंक के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी अवस्था में पूरी चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है ।
iii. विभिन्न पदों के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता न्यूनतम है । अभ्यर्थी को 31.07.2020 के अनुसार योग्यता और प्रासंगिक पूर्णकालिक अनुभव होना चाहिए ।
iv. ऐसे मामलों में जहाँ एक विशिष्ट क्षेत्र में अनुभव की आवश्यकता है, प्रासंगिक अनुभव प्रमाण पत्र में विशेष रूप से शामिल होना चाहिए कि अभ्यर्थी के पास उस विशिष्ट कौशल्य में अनुभव है ।
v. ऐसे मामलों में जहां शैक्षणिक प्रमाणपत्र विशेषज्ञता का क्षेत्र नहीं निर्दिष्ट करते हैं, तो अभ्यर्थी को संबंधित विश्वविद्यालय/महाविद्यालय से विशेष रूप से विशेषज्ञता का उल्लेख करने वाला प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा ।

**ग. भूमिकाएं/जिम्मेदारियां:**

**संक्षेप में भूमिकाएं जिम्मेदारियां तथा कार्य:**

चुने गए अभ्यर्थी को इंस्टिट्यूट में निम्न अनुसार शोध गतिविधि में सक्रियता के साथ भाग लेना तथा अपना योगदान देना होगा:

- पीडीआरएफ से कार्य परिणाम अपेक्षा की अवसीमा कम से कम पांच प्रकाशन होगी, जिसमें दो अंतर्राष्ट्रीय जर्नल पेपर्स (जिसमें से एक 'A' श्रेणी का होना चाहिए) तथा उनकी फैलोशिप पर आधारित दो कॉन्फ्रेन्स पेपर्स हों ।
- पीडीआरएफ, बैंक की ओर से बाहरी कंसल्टेन्सी कार्य/प्रोजेक्ट (स्वयं –मार्केट किए या बैंक द्वारा नामित) भी करेगा ।
- पीडीआरएफ को मुख्य महाप्रबंधक तथा प्रमुख (एसटीयू) समूह प्रमुख आर्थिक सलाहकार (जीसीईए) और डीन, एसबीआईएल से बनी परफॉर्मेन्स रिव्यू कमेटी (पीआरसी) के समक्ष अपनी तिमाही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी ।
- पीडीआरएफ को सामायिक महत्त्व के विषयों से संबंधित एग्जिक्यूटिव डेवलपमेंट/तथा अन्य कार्यक्रम भी बनाने और उनको कार्यान्वित करने होंगे ।
- पीडीआरएफ की सेवाएं बैंक द्वारा अकादमिक सहयोग के लिए भी ली जा सकती है, जिसमें शोध में सहायता, शिक्षण और टुटोरियल्स का संचालन शामिल है ।
- पीडीआरएफ को बैंक द्वारा समय–समय पर सौंपी जाने वाली दूसरी जिम्मेदारियों को निभाना होगा ।

**केआरएज़:**

- बीएफएसआई सेक्टर से संबंधित क्षेत्रों में शोध कार्य

**घ. वजीफा तथा हितलाभ:**

₹ 1,00,000/– का निश्चित मासिक वज़ीफा (कोई मोलभाव नहीं), लागू टीडीएस की कटौती के अधीन ।

फैलो द्वारा अनुकरणीय कार्यनिष्पादन करने/प्रख्यात जर्नल्स में अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों के परफॉर्मेन्स रिव्यू कमेटी द्वारा आकलन के आधार पर 2 वर्षों के अंत में ₹ 2 लाख से ₹ 5 लाख का एकमुश्त राशि दिया जा सकता है ।

बैंक, फैलो के एक प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय और एक राष्ट्रीय कॉन्फ्रेन्स में भाग लेने के खर्चों को वहन करेगा, जिसमें फैलो का एसबीआई के साथ संयुक्त पेपर वास्तविक आधार संबंधित लागतों पर प्रजेन्टेशन के लिए स्वीकार किया गया हो ।

पीडीआरएफ, एपेक्स ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट्स (ATIs) पर तैनात ऑफिसर्स एंगेज्ड ऑन कॉन्ट्रैक्ट (OECs) के लिए कंसल्टिंग व बाह्य शिक्षण पर एसओपी के अनुसार रेवन्यू शेयरिंग आधार पर बाह्य कंसल्टेन्सी/असाइनमेंट ले सकता है ।

एसबीआईएल, कोलकाता में रिहायशी आवास, जहां युटिलिटी बिल्स का स्वयं भुगतान करना होगा ।

**च. आवेदन कैसे करें:** अभ्यर्थियों का मान्य ईमेल आईडी हो जिसे परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखा जाए । इससे उसे अपना कॉल लेटर/साक्षात्कार संबंधी सूचना आदि ईमेल के माध्यम से प्राप्त करने से सहायता होगी ।

**ऑनलाइन आवेदन करने के लिए दिशा-निर्देश:**

i. अभ्यर्थी एसबीआई की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे और

ii. अभ्यर्थी पहले तो अपने हाल के फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करें । ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि अभ्यर्थी अपनी फोटो और हस्ताक्षर ऑनलाइन पंजीकरण पेज पर बताए अनुसार नहीं कर देता ।

iii. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र सावधानीपूर्वक भरना चाहिए । आवेदन–पत्र पूरी तरह से भर जाने के बाद, अभ्यर्थी को इसे जमा (सब्मिट) करना चाहिए । अभ्यर्थी के एक बार में आवेदन न भर पाने की स्थिति में वह पहले से दर्ज जानकारी को सेव कर सकता है । जब भरी गई जानकारी/आवेदन सेव होता है, तो सिस्टम से एक अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड जेनरेट होता है जो स्क्रीन पर प्रदर्शित होता है । **अभ्यर्थी को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड नोट कर लेना चाहिए ।** वे पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सेव किए गए आवेदन को फिर से खोल सकते हैं और आवश्यकता पड़ने पर विवरण को संपादित कर सकते हैं । सेव की गई जानकारी को इस तरह से बदल कर संशोधन करने की अनुमति मात्र तीन बार तक करने के लिए होगी । आवेदन जब पूरी तरह भरा जाएगा तब अभ्यर्थी को चाहिए कि वह इसे प्रस्तुत करें ।

iv. ऑनलाइन पंजीकरण हो जाने के बाद, अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि वे सिस्टम के बनाए ऑनलाइन आवेदन प्रपत्रों का प्रिंट आउट ले लें ।

**शुल्क के निर्देश के लिए दिशा-निर्देश:**

i. सामान्य/ईडब्ल्यूएस/ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) ₹750/– है (सात सौ पचास रूपए मात्र) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/ दिव्यांग व्यक्ति के अभ्यर्थियों के लिए कोई शुल्क नहीं है ।

ii. फीस का भुगतान उपलब्ध पेमेन्ट गेटवे के जरिए ऑनलाइन करना होगा ।

iii. आवेदन पत्र के विवरण सही है यह सुनिश्चित कर लेने के बाद अभ्यर्थी द्वारा आवेदन के साथ समेकित रूप से भुगतान गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान होगा । इसके बाद आवेदक को कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

iv. शुल्क का भुगतान उपलब्ध भुगतान गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा । भुगतान डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/ इन्टरनेट बैंकिंग आदि द्वारा स्क्रीन पर बताई जानकारी के अनुसार किया जा सकता है । ऑनलाइन भुगतान करते समय यदि कोई लेनदेन शुल्क लागू हो तो वह अभ्यर्थियों को ही वहन करना होगा ।

v. भुगतान कार्य सफलतापूर्वक हो जाने के बाद अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए जाने की तारीख के साथ ई–रसीद और आवेदन फॉर्म बनेगा जिसे प्रिन्ट कर अभ्यर्थी अपने पास रख लें ।

vi. यदि पहली बार में शुल्क का भुगतान नहीं हो पाता है, तो ऑनलाइन भुगतान के लिए फिर से प्रयास करें ।

vii. शुल्क विवरण सहित ई–रसीद और आवेदन फॉर्म का प्रिंट फिर से करने का भी प्रावधान है ।

viii. भुगतान किया गया आवेदन शुल्क किसी भी तरह से वापस नहीं लौटाया जाएगा, न ही किसी अन्य परीक्षा या फिर भावी चयन के लिए समायोजित किया जाएगा ।

**आवेदन (ऑनलाइन पंजीकृत) की प्रतियां स्व–सत्यापित निम्नलिखित कागजातों के साथ डाक से 15.10.2020 तक यहां पहुंच जानी चाहिए : ''भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, तीसरी मंजिल, अटलांटा बिल्डिंग, नरीमन पॉइन्ट, मुंबई (महाराष्ट्र, भारत) पिन–400021''**

- **सी.वी., प्रकाशनों की सूची के साथ**
- **पहचान का प्रमाण**
- **जन्मतिथि का प्रमाण**
- **शैक्षणिक प्रमाणपत्रों तथा अंक पत्रों की फोटोप्रतियां**
- **अनुभव का प्रमाणपत्र**
- **उनके द्वारा उच्च गुणवत्ता के शोध कार्य पर दो पृष्ठ का संक्षिप्त लेख**
- **एसबीआई में इच्छित शोध कार्य पर दो पृष्ठ का संक्षिप्त लेख**
- **कम से कम दो सराहना –पत्र/संदर्भ–एक शोध क्षमता के बारे में समान क्षेत्र के किसी विशिष्ट व्यक्ति से और दूसरा आवेदक के डिसर्टेशन सुपरवाइजर या अकादमिक संस्था से हो ।**
- **वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र/राहत प्रमाण पत्र (यदि वर्तमान में नियोजित हो)**
- **दो सर्वोत्तम जर्नल पेपर्स की फोटोप्रतियां**

**ऊपर उल्लिखित तिथि तक उपरोक्त कागजातों के साथ ऑनलाइन आवेदन की कागजी प्रतियां प्राप्त न होने पर, अभ्यर्थी को शॉर्टलिस्टिंग करने तथा साक्षात्कार के लिए विचार नहीं किया जाएगा ।**

**छ. कागजातों को अपलोड कैसे करें:**

**अ. अपलोड किए जाने वाले कागजातों का विवरण:**

i. सी.वी., प्रकाशनों की सूची के साथ (पीडीएफ)
ii. पहचान का प्रमाण (पीडीएफ)
iii. जन्मतिथि का प्रमाण (पीडीएफ)
iv. शैक्षणिक प्रमाणपत्र (संबंधित अंक पत्र/डिग्री प्रमाणपत्र) (पीडीएफ)
v. अनुभव का प्रमाणपत्र (पीडीएफ)
vi. उनके द्वारा उच्च गुणवत्ता के शोध कार्य पर दो पृष्ठ का संक्षिप्त लेख (पीडीएफ)
vii. एसबीआई में इच्छित शोध कार्य पर दो पृष्ठ का संक्षिप्त लेख (पीडीएफ)
viii. कम से कम दो सराहना–पत्र/संदर्भ–एक शोध क्षमता के बारे में समान क्षेत्र के किसी विशिष्ट व्यक्ति से और दूसरा आवेदक के डिसर्टेशन सुपरवाइजर या अकादमिक संस्था से हो । (पीडीएफ)
ix. वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाणपत्र/राहत प्रमाण पत्र (यदि वर्तमान में नियोजित हो) (पीडीएफ)
x. नवीनतम वेतन पर्ची (पीडीएफ)
xi. हाल ही का फोटोग्राफ
xii. हस्ताक्षर

**ब. फोटोग्राफ फाइल टाइप/साइज:**

i. पासपोर्ट आकार की हाल ही में खिंची हुई रंगीन फोटो
ii. फाइल का आकार 20 केबी–50 केबी के बीच का आयाम 200 x 230 पिक्सल तक होना चाहिए
iii. यह सुनिश्चित कर लें कि फोटो रंगीन है और सफेद या हल्के रंग की पृष्ठभूमि में लिया गया हो ।
iv. तनावमुक्त होकर कैमरे के सामने की ओर देखें ।
v. फोटो यदि धूप में ली गई हो तो सूरज आपके पीछे रहे या आप छाया में हों ताकि आपकी नज़र में तिरछापन न आए या फिर कोई भारी छाया न पड़े ।
vi. यदि आपको फ्लैश का प्रयोग करना होता है, तो आप सुनिश्चित करें कि ''रेड–आई'' नहीं है ।
vii. यदि आप चश्मा लगाते हैं, तो यह सुनिश्चित करें कि कोई परछाई नहीं पड़ रही है और आपकी आंखें साफ देखी जा सकती हैं ।
viii. टोपी, हैट या गहरे रंग का चश्मा लगाया जाना स्वीकार्य नहीं है । धार्मिक प्रतीक पगड़ी आदि बांध सकते हैं, लेकिन इससे आपका चेहरा न ढकने पाए ।
ix. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किया गया चित्र 50 केबी से अधिक का नहीं है । फाइल का आकार यदि 50 केबी से अधिक का है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि जैसी बातें स्कैनर पर सेट करके समायोजित कर लें ।

**स. हस्ताक्षर फाइल का प्रकार/आकार:**

i. आवेदक सफेद कागज पर काली स्याही के पैन से हस्ताक्षर करें ।
ii. हस्ताक्षर आवेदक स्वयं करे न कि कोई अन्य व्यक्ति ।
iii. कॉल लेटर पर तथा जहां आवश्यक होंगे वहां आपके हस्ताक्षर का प्रयोग किया जाएगा ।
iv. यदि परीक्षा के समय उत्तर पुस्तिका पर आवेदक के हस्ताक्षर कॉललेटर के हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते तो आवेदक अयोग्य हो जाएगा/जाएगी ।
v. फाइल का आकार 10 केबी – 20 केबी के बीच का हो और आयाम 140 x 60 पिक्सल (अधिमानत:) हो ।
vi. यह सुनिश्चित करें कि स्कैन किए गए चित्र का आकार 20 केबी से अधिक नहीं है ।
vii. अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में किए गए हस्ताक्षर स्वीकार्य नहीं होंगे ।

**द. कागजात की फाइल का प्रकार/आकार:**

i. सभी कागजात पीडीएफ प्रारूप में होने चाहिए ।
ii. कागजात के पेज का आकार ए4 का हो ।

iii. फाइल का आकार 500 केबी से अधिक का न हो ।

iv. कागजात को यदि स्कैन किया जा रहा है तो आप यह सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव कर लिया गया है और इसका आकार पीडीएफ के तौर पर 500 केबी से अधिक का नहीं है । फाइल का आकार यदि 500 केबी से अधिक का है तो स्कैनर की सेटिंग की प्रक्रिया के दौरान डीपीआई का रिजोल्यूशन, रंगों की संख्या आदि समायोजित करें । यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड किए कागजात साफ और पढ़े जा सकने लायक है ।

**य. फोटो/हस्ताक्षर/ कागजातों को स्कैन करने हेतु दिशा-निर्देश:**

i. स्कैनर के रिजोल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर रखें ।

ii. कलर को ट्रू कलर पर सेट करें ।

iii. फोटो/हस्ताक्षर के किनारे तक क्रॉप करके फोटो को स्कैन करें फिर फोटो को अंतिम आकार (जैसा ऊपर बताया गया है) देने के लिए क्रॉप करने हेतु अपलोड एडिटर का प्रयोग करें ।

iv. फोटो/हस्ताक्षर की फाइल जेपीजी या जेपीईजी प्रारूप में हो (यानी फाइल का नाम image01.jpg या image01.jpeg दिखाई दे)

v. इमेज के आयाम फोल्डर/फाइल की लिस्टिंग पर जांचे जा सकते हैं या फिर फाइल इमेज के आयकॉन पर माउस को घुमाकर इसे जांचा जा सकता है ।

vi. जो अभ्यर्थी एमएस विंडोज/एमएस ऑफिस का प्रयोग करते हैं, वे आसानी से फोटो और हस्ताक्षर जेपीईजी फार्मेट में पा सकते हैं जो क्रमश: 50 केबी और 20 केबी से अधिक न होगी, इसके लिए एमएस पेन्ट या एमएस ऑफिस पिक्चर मैनेजर का प्रयोग करना होगा. स्कैन किया गया फोटो या हस्ताक्षर किसी भी फॉर्मेट में जेपीजी (jpg) फॉर्मेट से सेव किया जा सकते हैं. इसके लिए फाइल मेन्यू में 'सेव ऐज' के विकल्प का प्रयोग करना होगा । इमेज मेन्यू द्वारा क्रॉप और रिसाइज (बिंदु 1 और 2 ऊपर देखें जो कि पिक्सल आकार के लिए दिया हुआ है) विकल्प चुनकर फाइल के आकार को 50 केबी (फोटो) और 20 केबी (हस्ताक्षर) से कम कराया जा सकता है । इसी तरह से अन्य फोटो एडीटर में भी विकल्प उपलब्ध हैं ।

vii. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी को एक लिंक उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि वह अपने फोटो और हस्ताक्षर को अपलोड कर सके ।

**र. कागजात अपलोड करने की प्रक्रिया:**

i. हर कागजात को अपलोड करने हेतु अलग से लिंक दिए गए हैं ।

ii. ''अपलोड'' का संबंधित लिंक क्लिक करें ।

iii. ब्राउज करके उस जगह को चुनें जहां कि जेपीजी या जेपीईजी, पीडीएफ, डॉक या डॉक्स फाइल को सेव किया गया है ।

iv. फाइल पर क्लिक कर इसे चुनें और 'अपलोड' का बटन क्लिक करें ।

v. आवेदन सब्मिट करने से पहले कागजात अपलोड हो गया है और सही तरह से खुल रहा है, इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रिव्यू क्लिक करें । यदि फाइल का आकार और प्रारूप बताए अनुसार नहीं है तो इसमें त्रुटि का संदेश आएगा ।

vi. कागजात अपलोड हो जाने के बाद/प्रस्तुत कर दिए जाने के बाद संशोधित/परिवर्तित नहीं हो सकेंगे।

vii. ऑनलाइन आवेदन फार्म में फोटो/हस्ताक्षर अपलोड कर दिए जाने के बाद अभ्यर्थी जांच लें कि फोटो साफ हैं और ये ठीक तरह से अपलोड हुए हैं । फोटो या हस्ताक्षर स्पष्ट रूप से यदि नहीं दिखें तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को संशोधित कर सकता/सकती है और अपने फोटो या हस्ताक्षर आवेदन फार्म प्रस्तुत किए जाने से पहले फिर से लोड कर सकता /सकती है । फोटो में चेहरा या हस्ताक्षर यदि स्पष्ट नहीं हैं तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकार किया जाएगा ।

**ङ. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर:**

**साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर/सूचना ईमेल द्वारा भेजी जाएगी या बैंक की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा । कागजी प्रति नहीं भेजी जाएगा ।**

**च. चयन प्रक्रिया:**

उम्मीदवारों का चयन शार्टलिस्टिंग और प्रेजेन्टेशन के साथ साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा ।

**शॉर्टलिस्टिंग:** न्यूनतम योग्यता और अनुभव होने मात्र से किसी अभ्यर्थी को साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने का अधिकार नहीं मिल जाता । बैंक द्वारा गठित शॉर्टलिस्टिंग समिति मानदंडों को निर्धारित करेगी और उसके बाद बैंक द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार शॉर्टलिस्ट कर साक्षात्कार के लिए बुलाए जाएंगे । साक्षात्कार के लिए अभ्यर्थियों को बुलाए जाने का बैंक का निर्णय अंतिम होगा । इस संबंध में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा ।

**प्रेजेन्टेशन के साथ साक्षात्कार:** प्रेजेन्टेशन के साथ साक्षात्कार के 100 अंक होंगे । साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे । इस बारे में किसी पत्राचार पर ध्यान नहीं दिया जाएगा ।

**मेरिट सूची:** चयन के लिए मेरिट सूची केवल साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार की जाएगी । एक से अधिक उम्मीदवारों द्वारा निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर (निर्दिष्ट अंक प्राप्त करने पर) निर्दिष्ट सीमा पर एक समान अंक होने पर उसे उम्मीदवारों की मेरिट में उनकी आयु के आधार पर अवरोही क्रम में रैंक प्रदान की जाएगी.

**झ. सामान्य जानकारी:**

i. पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च फैलोशिप के लिए आवेदन करने से पहले आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह पद के लिए उपर्युक्त वर्णित योग्यता और अन्य मानदंडों को निर्दिष्ट तारीख को पूरा करता/करती है और कि उसके द्वारा प्रस्तुत ब्यौरा सभी प्रकार से सही है ।

ii. किसी भी अवस्था में यदि ऐसा पता चलता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है, तो और/या यह कि उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या उसने कोई महत्वपूर्ण जानकारी (रियां) छिपाई हैं तो उसकी अभ्यर्थिता को निरस्त कर दिया जाएगा । इनमें से यदि कोई बात उसकी चयन के बाद भी पता चलती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती है ।

iii. आवेदक को सुनिश्चित करना चाहिए कि आवेदन विनिर्धारित फॉर्मेट में, उचित रूप से तथा पूरी तरह से भरा हुआ हो ।

iv. चयनित अभ्यर्थी की पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च फैलोशिप इस शर्त पर होगी कि वह बैंक की आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त हो । यह फैलोशिप इस पद हेतु बैंक में कार्यभार संभालते समय, जो भी सेवा और आचरण नियम लागू होंगे उनके अध्यधीन होगी ।

v. उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे संप्रेषण जैसे कॉल लेटर/साक्षात्कार की तारीख की सूचना, आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल को सक्रिय रखें ।

vi. किसी पत्र के मिलने में विलंब होने या न मिलने के लिए बैंक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी ।

vii. जो अभ्यर्थी सरकार/अर्ध-सरकारी कार्यालयों, बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में कार्यरत हैं, उन्हें सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से लेकर अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ऐसा न करने पर उनकी अभ्यर्थिता पर विचार नहीं किया जाएगा और वे यदि किसी यात्रा व्यय की प्रतिपूर्ति के लिए पात्र होंगे, तो उन्हें उसका भुगतान नहीं किया जाएगा ।

viii. चयन की दशा में, अभ्यर्थी से अपेक्षा होगी कि वह पोस्ट डॉक्टरल रिसर्च फैलोशिप प्राप्त करते समय अपने नियोक्ता का उचित कार्यमुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें ।

ix. अभ्यर्थियों को उन्हीं के हित के लिए यह सलाह दी जाती है कि वे अंतिम तारीख से पहले समय रहते ही ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत कर दें और वे अंतिम तिथि का इंतजार न करते रहें क्योंकि बाद में हो सकता है कि वेबसाइट को लॉग ऑन करने में डिस्कनेक्शन/अक्षमता/ फेलियर की स्थिति बन जाए, इन्टरनेट पर हैवी लोड या फिर वेबसाइट जाम होने के कारण ऐसा हो जाए । यदि पूर्वोक्त कारणों से यदि एसबीआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से यदि अभ्यर्थी अपना आवेदन समय रहते नहीं कर पाते हैं, तो इसके लिए एसबीआई किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा ।

x. पात्रता, साक्षात्कार आयोजित किए जाने और चयन के सभी मामलों में बैंक के निर्णय अंतिम और सभी अभ्यर्थियों के लिए बाध्यकारी होंगे । इस संबंध में किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा और न ही इस संबंध में कोई पत्र-व्यवहार किया जाएगा ।

xi. बैंक द्वारा किसी भी समय कोई कारण बताए बिना एक महीने का नोटिस देकर या एक महीने के मुआवजे (सेमिनार हेतु फंडिंग को छोड़कर) के समान राशि देकर फैलोशिप को समाप्त किया जा सकता है ।

xii. अगर कोई पीडीआर अभ्यर्थी शोध को पूरा किए बिना बीच में छोड़ देता है या मध्य-अवधि मूल्यांकन में उसे अपेक्षित स्तरों से नीचे पाया जाता है, तो उसे एक महीने का नोटिस देकर बाहर कर दिया जाएगा । बैंक के पास, ऐसे असंतोजनक कार्यनिष्पादन के मामले में ऐसी अवधि के लिए आयी लागतों को वसूल करने का अधिकार सुरक्षित होगा ।

xiii. आवेदन में दी गई जानकारी बाद में गलत पाए जाने पर आवेदक पर दीवानी/फौजदारी मुकदमा किया जा सकता है ।

xiv. पात्रता संबंधी मानदंड पूरा करने मात्र से उम्मीदवार साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का हकदार नहीं है । बैंक के पास उम्मीदवार की योग्यता, उपयुक्तता, अनुभव आदि के संबंध में प्रारंभिक जांच/शॉर्टलिस्टिंग करने के बाद उचित संख्या में ही उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने का अधिकार सुरक्षित है ।

xv. एकाधिक आवेदन के मामले में, केवल अंतिम वैध (पूर्ण) आवेदन को बरकरार रखा जाएगा

xvi. इस विज्ञापन और/ या इसके जवाब में आए आवेदन के कारण किसी दावे या विवाद की दशा में कानूनी कार्यवाहियां मात्र मुंबई और मुंबई स्थित न्यायालयों/ न्यायाधिकरणों/ मंचों पर ही की जा सकती हैं । किसी भी मुकदमे/ विवाद की सुनवाई का एकल व अनन्य अधिकार क्षेत्र मुंबई ही होगा ।

xvii. शॉर्टलिस्टिंग के बाद साक्षात्कार के लिए बुलाये जाने वाले बाहरी उम्मीदवारों को भारत में सबसे छोटे मार्ग से वास्तविक यात्रा के आधार पर हवाई यात्रा (इकोनॉमी क्लास) करने की लागत या वास्तविक यात्रा लागत (जो भी कम हो) की प्रतिपूर्ति की जायेगी । स्थानीय परिवहन व्यय की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी । पद के लिए अयोग्य पाये जाने पर उम्मीदवार को साक्षात्कार देने की अनुमति नहीं प्रदान की जायेगी और किसी प्रकार के किराये की प्रतिपूर्ति नहीं की जायेगी ।

xviii. बैंक को अधिकार होगा कि वह किसी भी अवस्था में पूरी भर्ती प्रक्रिया को रद्द कर दे ।

xix. साक्षात्कार के समय, अभ्यर्थी को उसके विरुध्द लंबित आपराधिक मामलों (यदि कोई हों) का विवरण देना आवश्यक होगा । बैंक अन्य बातों के साथ-साथ पुलिस रिकॉर्ड के सत्यापन सहित स्वतंत्र सत्यापन भी कर सकता है । बैंक ऐसे प्रकटनों और/ या सत्यापन के आधार पर नियुक्ति से इनकार करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है ।

यदि कोई पूछताछ करनी हो, तो **"CONTACT US"** इस लिंक पर हमें लिखें जो कि बैंक की वेबसाइट पर उपलब्ध है.

(URL - **https://bank.sbi/careers/psq.htm?action=pquery** या **https://sbi.co.in/careers/psq.htm?action=pquery**)

यह विज्ञापन बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/careers** या **https://www.sbi.co.in/careers** पर भी उपलब्ध है.

**मुंबई,**
**दिनांक:** 18.09.2020

**प्रिंटिंग में यदि कोई त्रुटि हो, तो बैंक इसके लिए जिम्मेदार नहीं होगा ।**
**किसी भी विवाद की स्थिति में अंग्रेजी मे जारी विस्तृत विज्ञापन की शर्तें मान्य होंगी ।**

**महाप्रबंधक**
**(सीआरपीडी)**